तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 14 जून 2024


14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखाने जोखिमपूर्ण... 12


सेहत, पोषण, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में... 12



## खबर संक्षेप

### सांसद और विधायक ने कहा- स्थानीय लोगों की मांग जायज




जगदलपुर। 8 सूत्रीय मांग को लेकर पिछले 7 जून से धरना दे रहे झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति की मांग को सांसद और विधायक ने जायज बताते समर्थन दिया है। गुरुवार को सांसद महेश कश्यप और विधायक व प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने साफ शब्दों में कहा कि स्थानीय लोगों का हित सबसे पहले है इसलिए एनएमडीसी प्रबंधन को उनकी मांगों को प्राथमिकता देनी चाहिए। सांसद ने कहा एनएमडीसी प्लांट में पहला हक स्थानीय ग्रामीणों का है। प्रबन्धन को भू प्रभावित किसानों की मांगों को मानना पड़ेगा। बस्तर के लोगों का अधिकार है। लोगों ने अपनी जमीन दी है इसलिए उनकी मांगों को पूरा किया जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि एनएमडीसी प्रबन्धन से जो चर्चा हुई है उससे अगर भू प्रभावित किसान नाराज हैं तो उनकी मांगों को एनएमडीसी प्रबंधन को पूरा करना होगा। भूख हड़ताल में बैठे किसानों की मांगें जायज है। जल्द ही 5 से 7 सदस्यों की टीम बनाकर एनएमडीसी प्रबंधन से चर्चा की जाएगी। गुरुवार को मांगों को लेकर धरना दे रहे लोगों की भूख हड़ताल जारी रही।

### रक्तदान शिविर महारानी अस्पताल के अंबक भवन में आज

जगदलपुर। रेडक्रास विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल जगदलपुर में शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन अंबक भवन में किया जा रहा है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि अस्पताल द्वारा स्वैच्छिक शेष पेज 12 पर

# एक साल के लिए 16 आदतन अपराधियों को कलेक्टर ने किया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर एसपी के प्रतिवेदन के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा जिले में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आपराधिक गतिविधियों में प्रभावी अंकुश लगाने कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विजय दयाराम के द्वारा निर्वाचन अवधि के दौरान जिले के 16 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिलाबदर करने का आदेश पारित किया गया।

गौरतलब है कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा के प्रतिवेदन के बाद कलेक्टर द्वारा जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। एसपी द्वारा आदतन अपराध करने वाले आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 एवं 6 के तहत जिला बदर की कार्रवाई करने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था जिस पर न्यायालय द्वारा विधिवत आदेश पारित किया गया है। एसपी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जिला बदर किए गए सभी लोगों द्वारा निरंतर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर आम जनता को भयाक्रांत कर समाज में भय और आतंक का माहौल उत्पन्न कर शांति व्यवस्था बनाये रखने में बाधा उत्पन्न किया जा रहा था। इसे देखते हुए इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा कर आम जनता में अमन-चैन स्थापित करने सहित भयमुक्त वातावरण निर्मित करने उनके विरूद्ध जिला बस्तर की सीमाओं तथा समीपवर्ती जिलों की सीमाओं से आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर जाने के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

### आरोपियों द्वारा शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पहुंचाई जा रही थी बाधा



#### इन अपराधियों का हुआ जिलाबदर

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जगदलपुर निवासी अमरीश सिंह राजपूत, राकेश सेट्ठी उर्फ मूली, ईमू उर्फ इमरान, राजा उर्फ टांगरी, रूपेश निषाद उर्फ सूरज, कन्नू उर्फ कन्हैया बाघवानी, संजू उर्फ मेवालाल, संतोष उर्फ टीरली, तुलसी श्रेष्ठ उर्फ छोटू उर्फ नेपाली, ओड़ी उर्फ सुभाष, देवेंद्र उर्फ देबू मण्डावी, गनपत सेट्ठी, वासु सेट्ठी उर्फ वासु, राजेश यादव तथा हेमन्त उर्फ टाकलु उर्फ छोटू को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत जिला बदर किया गया है।

### चुनाव: भारी सुरक्षा के बीच हुई प्रक्रिया, रैली निकाल कर भाजपाइयों ने मनाई खुशी

# कांग्रेसी जनपद सदस्य रहे नदारद, भाजपा के धनुर्जय निर्विरोध चुने गए जनपद अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- कलेक्टर के आदेश पर जनपद कार्यालय बकावंड में निर्वाचन
- 3 थानों के पुलिस बल समेत शहर से भी बस में पहुंचे थे जवान

अविश्वास प्रस्ताव में हटाए जाने के बाद जनपद अध्यक्ष सुखदेई बघेल ने हाईकोर्ट से स्टे प्राप्त किया था जिसके चलते पिछले दिनों चुनाव की कार्रवाई स्थगित कर दी गई थी। 12 जून को राजधानी में पंचायत संचालनालय में अध्यक्ष को तलब किया गया था। इस संबंध में भाजपाइयों ने कहा कि आदेश खारिज होने के बाद कलेक्टर के निर्देश पर 13 जून को जनपद कार्यालय बकावंड में जनपद अध्यक्ष का चुनाव हुआ। किसी तरह के विवाद उत्पन्न न हो इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बस्तर, बकावंड और करपावंड 3 थाना के थानेदार समेत सुरक्षा जवान और शहर से भी एक बस में जवानों को भेजा गया था। भारी सुरक्षा के बीच बिना किसी विवाद के निर्विरोध चुनाव संपन्न हो गया। कांग्रेस समर्थित 6 जनपद सदस्य नहीं पहुंचे, भाजपा के 19 सदस्य मौजूद थे। एसडीएम, तहसीलदार और जनपद सीईओ की उपस्थिति में निर्वाचन की कार्रवाई प्रारंभ हुई। भाजपा के धनुर्जय कश्यप निर्विरोध जनपद अध्यक्ष चुन लिए गए हैं उन्हें विधिवत कार्यभार सौंपा गया। इसके बाद भाजपाइयों ने पूरे बकावंड के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर खुशी मनाई। बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ लंबे समय के बाद भाजपाइयों को खुशी मनाने का अवसर मिला। पिछले जनपद चुनाव में कांग्रेस के 13 और भाजपा के 12 जनपद सदस्य चुने गए थे। इसमें कांग्रेस की सुखदेई बघेल निर्वाचित हुई थी। कार्यकाल के लगभग साढ़े 4 साल बाद कांग्रेस और भाजपा के जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था जिसमें प्रस्ताव पारित हो गया था। बावजूद हाईकोर्ट से स्टे मिलने के कारण भाजपा को जीतने के बाद भी पद नहीं मिल पाया था। आज धर्नुजय कश्यप जनपद अध्यक्ष बनने के बाद पदभार ग्रहण किया।



#### उपाध्यक्ष दोनों दल में फायदे में रहे

जनपद उपाध्यक्ष रामानुज आचार्य कांग्रेस से निर्वाचित होकर सुखदेई बघेल के साथ उपाध्यक्ष बने। साढ़े 4 साल बाद जब अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया तो वे कांग्रेस को छोड़ भाजपा में आ गए। इसलिए दोनों ही दल में रहते हुए वे उपाध्यक्ष बने रहेंगे। 7 लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा था इसलिए अब 25 सदस्यों वाले जनपद पंचायत बकावंड में भाजपा के 19 और कांग्रेस के 6 सदस्य हो गए।

#### विकास कार्य करेंगे और भ्रष्टाचार को मिटाएंगे

नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष धर्नुजय कश्यप ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जनपद पंचायत बकावंड में बिना कमीशनखोरी के कोई काम नहीं होता था। ग्राम पंचायत से लेकर जनपद तक भ्रष्टाचार के मामले आते रहे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती थी। लगभग 6 महीने का कार्यकाल बचा है मेरा प्रयास रहेगा जनहित के कार्यों को गति देना और भ्रष्टाचार को दूर करना है।

#### सुभाऊ, मनीराम समेत अनेक नेता रहे शामिल

आज के विजय जुलूस में पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, नारायण बिसाई, फरिस बेसरा, सत्यप्रकाश गुप्ता, वेदप्रकाश पांडे, वनवासी मौर्य, पुरूषोत्तम जोशी, रोहित त्रिवेदी समेत अन्य भाजपाई शामिल थे।

# पोटाली के पूर्व जनपद सदस्य जोगाराम पोड़ियाम की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिला दंतेवाड़ा अंतर्गत ग्राम पोटाली के पूर्व जनपद सदस्य जोगाराम पोड़ियाम की हत्या में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



गत 26 अप्रैल के लगभग रात्रि 11 बजे ग्राम पोटाली पूर्व जनपद सदस्य जोगाराम पोड़ियाम पिता सुकड़ा उम्र 44 वर्ष अपने घर में खाना खा रहा था। तभी 10-15 प्रतिबंधित संगठन के सशस्त्र माओवादियों ने चाकू, बण्डा, टंगिया से ताबड़तोड़ सांघातिक हमला कर हत्या कर दिये और रात के अंधेरे की आड़ में भाग निकले। मामले के आरोपियों की पता तलाश पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अति. पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के मार्गदर्शन में किया जा रहा था। विवेचना के बिंदुओं पर प्राप्त जानकारी अनुसार 12 जून को पूर्व जनपद सदस्य जोगाराम पोड़ियाम की हत्या का 1 आरोपी मिलिशिया सदस्य सोमाराम उर्फ कालू मण्डावी पिता हिड़मा मण्डावी उम्र 31 वर्ष निवासी पोटाली धुरवापारा थाना अरनपुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपी से पूछताछ पर बताया कि पूर्व जनपद सदस्य जोगाराम पोड़ियाम की हत्या के पूर्व उसे नक्सली लीडर द्वारा पैसे की मांग करने व नहीं देने पर हत्या करने की धमकी भरा पर्चा स्वयं इसने दिया था। जोगाराम पोड़ियाम द्वारा नक्सली संगठन के लिए पैसा नहीं देने से संगठन द्वारा इसकी हत्या करने का फरमान जारी होने पर चाकू, बण्डा, टंगिया से हमला कर हत्या करने में शामिल रहना बताया। आरोपी सोमाराम उर्फ कालू मण्डावी ने स्व. जोगाराम पोड़ियाम की हत्या में शामिल रहे कई आरोपियों के नाम का खुलासा किया है, जिनकी अतिशीघ्र पता तलाश गिरफ्तारी की जावेगी। आरोपी सोमाराम उर्फ कालू मण्डावी को 12 जून को विशेष न्यायालय में न्यायिक रिमाण्ड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

# सांसद महेश का जगह जगह जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सांसद निर्वाचित होने के बाद पहली बार बस्तर लौटे महेश कश्यप का बीजेपी और विश्व हिंदू परिषद सहित हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने किया जगह-जगह भव्य स्वागत किया।

बुधवार को वे दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से वापस बस्तर लौटे। इस दौरान चारामा से लेकर जगदलपुर तक भव्य स्वागत किया गया। कांकेर, कोंडागांव, भानपुरी में कार्यकर्ताओं ने उनके स्वागत में जमकर आतिशबाजी कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। कोंडागांव में सांसद को लड्डुओं से तौला गया। नगर पंचायत बस्तर तथा बोरपदर में स्वागत पश्चात शहर के प्रवेश द्वार लालबाग आमागुड़ा में भाजपा नगर मंडल सहित युवा मोर्चा और अन्य हिंदू संगठनों ने शानदार स्वागत किया। इसके बाद सांसद का काफिला रैली की शक्ल में नगर के प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए बीजेपी कार्यालय पहुंचा, जहां जमकर आतिशबाजी की गई।

# श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ देने शिविरों का आयोजन होगा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण एवं अन्य कार्य होंगे
- 2 अगस्त तक लिए जाएंगे आवेदन

श्रमिकों के पंजीयन, श्रमिक पंजीयन का नवीनीकरण के साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आवेदन लिए जाएंगे। श्रम विभाग द्वारा 14 जून से 2 अगस्त तक विभिन्न स्थानों पर आवदेन प्राप्त करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

कोंडागांव विकासखण्ड के अंतर्गत 14 जून को ग्राम पंचायत दहीकोंगा और बड़े बंजोड़ा, 18 जून को मुनगा पदर और बोटी कनेरा, 20 जून को जोंदरा पदर और भीरागांव, 24 जून को बांसगांव और बन सिरसी, 26 जून को किबई बालेंगा और कोकोड़ी, 28 जून को सिरपुर और बड़गांव, 01 जुलाई को टेंडा मुंडा और लाभा, फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत 03 जुलाई को चिचाड़ी और पांडे आठगांव, 05 जुलाई को हिर्री और भुमका, विकासखण्ड माकड़ी अंतर्गत 08 जुलाई को इंगरा और धारली में शिविर लगेगा। 10 जुलाई को लुभा और कोकोड़ी, बड़े राजपुर विकासखण्ड अंतर्गत 12 जुलाई को बड़े राजपुर और मांडोकी खरगांव, केशकाल विकासखण्ड अंतर्गत 15 जुलाई को खेतरपाल और चारभाटा, 18 जुलाई को बेड़मा और आदनबेड़ा में शिविर लगेगा। 22 जुलाई को सिंगनपुर और आंवरी, कोंडागांव विकासखण्ड अंतर्गत 24 जुलाई को मर्दापाल और कांगा, 26 जुलाई को मालाकोट और उमरगांव, 29 जुलाई को खुट डोबरा और कोकोड़ी, 31 जुलाई को चिलपुटी और सितली और 2 अगस्त को मालगांव और अमरावती में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पंजीयन तथा नवीनीकरण के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल नंबर लाना आवश्यक है। असंगठित कर्मकार पंजीयन के लिए आय प्रमाणपत्र भी साथ लाना होगा।

# सूने घर से सोने के जेवरात व नकद पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- जान पहचान वाले ने दिया था चोरी की घटना को अंजाम
- आरोपी के कब्जे से सोने के जेवरात व नकद बरामद

परपा थाना क्षेत्र के बिलोरी गुड़ीपारा स्थित सूने घर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सप्ताहभर पूर्व आरोपी ने दिनदहाड़े तब घटना को अंजाम दिया था जब कुली मजदूरी करने वाली पिड़िता गांव में हो रहे जात्रा पूजा में शामिल होने गई थी। जानकारी के मुताबिक प्रार्थिया सुकमनी 40 वर्ष ग्राम बिलोरी गुडीपारा 7 जून को गांव में होने वाले पूजा जात्रा में शामिल होने गई थी तभी आरोपी ने सूनेपन का फायदा उठाते हुए घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पिड़िता ने इसकी रिपोर्ट परपा थाने में दर्ज कराई थी। मामले में एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्ग दर्शन व एसडीओपी शेष पेज 12 पर



ईद उल अजहा (बकरीद) के मौके पर कुर्बानी हेतु देशी खस्सी बकरा जिंदा विक्रय हेतु उपलब्ध है।



प्रति किलो मात्र ₹ 500/-
राजेश मटन शॉप
धरमपुरा नं-01/आसना, जगदलपुर
मोबाइल- 9406078127

### बारिश से पूर्व कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियों का लिया जायजा

# बाढ़ आपदा से बचाव के लिए इन्द्रावती में मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

इन्द्रावती नदी स्थित महादेव घाट में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों का कलेक्टर के मार्गदर्शन में गुरुवार को एसडीआरएफ व बाढ़ बचाव दल के जवानों द्वारा मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान नगर सेना द्वारा संभाग स्तर पर उपलब्ध बाढ़ बचाव सामग्रियों से मॉकड्रिल किया गया।

आगामी बारिश को देखते हुए बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए इंद्रावती नदी के महादेवघाट में गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। नगर सेना विभाग द्वारा जिला व सभांग स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान मौजूद कलेक्टर व एसपी ने राज्य आपदा मोचन दल की तैयारियों की सराहना की। मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान इन्द्रावती नदी में ग्रामीण जन लकड़ी या छोटे-छोटे बोट के माध्यम से नदी पार करते समय बोट पलटी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में शेष पेज 12 पर




**ये रहे उपस्थित-** मॉक ड्रिल के दौरान कलेक्टर के अलावा एसपी शलभ कुमार सिन्हा, जिा पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, निगम आयुक्त हरेश मंडावी, आईपीएस उदित पुष्कर, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, प्रवीण वर्मा, नगर सेना सेनानी एसके मार्बल के अलावा पुलिस, स्वास्थ्य, राज्य आपदा मोचन बल और नगर सेना की टीम व ग्रामीण मौजूद थे।

#### बताया गया डूबते हुए को कैसे बचाया जा सकता है

लाइव डेमो में जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र लगभग 15 गांवों के ग्रामीणों को घरों में उपलब्ध होने वाली सामग्रियों जैसे टीपा, भगोना, ड्रम, मटका, ट्यूब इत्यादि सामग्रियों का राप्ट बनाना एवं पीने वाले 1 लीटर वाटर बाटल को ऐयर टाइट कर लाइफ जैकेट बनाकर डूबते हुए व्यक्ति को बचाया जा सकता है का डेमो एसडीआरएफ के जवान और जिले के बाढ़ बचाव दल के जवान द्वारा करते हुए बताया गया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

## प्राकृतिक आपदा से मृत्यु पर 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी

**कोण्डागांव।** कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित के एक प्रकरण में वारिसों को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके अनुसार माकड़ी तहसील के ग्राम बालोण्ड निवासी प्रियान्शु मरकाम की गढ्ढे के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता हेमबती मरकाम, पिता झगड़ूराम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसके तहत प्रकरण में चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिया गया है।

## पुरस्कारों के लिए आवेदन 30 जून तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग भाग द्वारा हर साल खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। ये पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं।

**विधिक साक्षरता शिविर:** जेएनएम नर्सिंग कॉलेज में किया गया आयोजन

# 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखाने जोखिमपूर्ण रोजगार में नियुक्त नहीं करें

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 जून को जिले में कई जगहों पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। लोगों को बाल श्रम अधिनियम सहित अन्य जानकारियां दी गईं। इसके अलावा अन्य कानूनों को भी बताकर जागरूक किया गया।

शासकीय जेएनएम नसिंर्ग कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन 12 जून को किया गया। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश कुमार जुर्री, न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कुद्द गायत्री साय तथा प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शासकीय जे.एन.एम.नसिंर्ग कॉलेज कोण्डागांव में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने के संबंध में बाल मजदूरीय निषेध एवं नियमन अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने खान में काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियुक्त नहीं करने कहा गया। बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध में आरटीई अधिनियम 2009 के के संबंध में जानकारी दी गई। जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम,किशोर न्याय बोर्ड अधिनियमए भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिख अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में सालसा द्वारा संचालित पहचान अभियान के संबंध में एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य श्रीमती अनिता सोनी, पारेश्वर देवांगन,विवेक कश्यप, पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।



### बच्चे के सर्वोत्तम हित को ध्यान रखने दी आरटीई संबंधी जानकारी



कोण्डागांव। विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर आश्रय स्थल कोण्डागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट शिव प्रकाश त्रिपाठी, न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कुद्द गायत्री साय एवं तथा प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट के द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर12 जून को आश्रय स्थल कोण्डागांव में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल मजदूरी यनिषेध एवं नियमन अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियुक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध में आरटीई अधिनियम 2009 के संबंध में जानकारी दी गई। जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान है।

### रोपणी उद्यान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



कोण्डागांव। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के सचिव के द्वारा 12 जून को शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कुद्द गायत्री साय कोण्डागांव तथा सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता के द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 जून को शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित मजदूरों को बाल मजदूरी निषेध एवं नियमन अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने में काम नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिपूर्ण रोजगार में नियुक्त नहीं किए जाने संबंधी कानूनों के साथ ही बाल श्रम को रोकने के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित मजदूरों को उनके मौलिक अधिकार निःशुल्क विधिक सलाह सहायता सहित विधिक सेवा प्राधिकरण के कायोंर् की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा से उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव, पारेश्वर देवांगन, विवेक कश्यप, पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।

## दैनिक वेतनभोगी श्रमिक एवं कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन का हुआ निर्धारण

**कोण्डागांव।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा मासिक वेतनभोगी एवं अंशकालीन कर्मचारियों के लिए देय महगाई भत्ते में 01 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक के लिए प्रभावशील मजदूरी दरों की संशोधित न्यूनतम मंहगाई दर में वृद्धि करने के फलस्वरूप कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के लिए अनुसूची 'ग' में दर्शित शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभागी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक न्यूनतम वेतन तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता को सम्मिलित किया है। इसके अनुसार 1 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक वेतन का निर्धारण किया गया है। जिसके तहत उच्च कुशल श्रेणी अ के लिए मासिक 13 हजार 110 रुपए तथा 437 दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है। श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा प्रभावशील न्यूनतम वेतन एवं मंहगाई भत्ते की दरें निर्धारित करते हुए परिशिष्ट 'ब' में कर्मचारियों को अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल तथा उच्च कुशल श्रेणी में विभक्त किया गया है। जारी अधिसूचना में न्यूनतम वेतन निर्धारित करते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र को अ, ब तथा स श्रेणी में विभक्त किया गया है। 'अ' श्रेणी में राज्य के समस्त औद्योगिक विकास केन्द्र और प्रदेश में स्थित ऐसे सभी कारखाने जिनके द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 के तहत 300 या अधिक श्रमिकों के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त की गयी है उन्हें रखा गया है। 'ब' श्रेणी में नगर निगम सीमा के भीतर तथा नगर निगम सीमा के 8 किलोमीटर परिधि क्षेत्र को शामिल किया गया है। 'स' श्रेणी में कोण्डागांव जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए न्यूनतम मजदूरी दर का निर्धारण किया गया है। जिसके आधार पर गणना कर न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।

**उच्च कुशल श्रेणी ब**–इसी तरह उच्च कुशल श्रेणी ब के लिए 12 हजार 850 रुपए मासिक तथा 428 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन, उच्च कुशल श्रेणी स के लिए 12 हजार 590 रुपए मासिक तथा 420 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन है। कुशल श्रेणी अ के लिए 12 हजार 330 रुपए मासिक तथा 411 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन, कुशल श्रेणी ब के लिए 12 हजार 70 रूपए मासिक तथा 402 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन, कुशल श्रेणी स के लिए 11 हजार 810 रुपए मासिक तथा 394 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन रहेगा। अर्द्ध कुशल श्रेणी अ के लिए 11 हजार 550 रुपए मासिक तथा 385 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन, अर्द्ध अकुशल श्रेणी ब हेतु 11 हजार 290 रुपए मासिक एवं 376 दैनिक न्यूनतम वेतन, अर्द्ध अकुशल श्रेणी स के लिए 11 हजार 30 रुपए मासिक एवं 368 दैनिक न्यूनतम वेतन एवं अकुशल कृषि श्रमिक श्रेणी अ के लिए 10 हजार 900 रुपए मासिक एवं 363 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन, अकुशल कृषि श्रमिक श्रेणी ब के लिए 10 हजार 640 रुपए मासिक एवं 355 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन, अकुशल कृषि श्रमिक श्रेणी स के लिए 10 हजार 380 रुपए मासिक एवं 346 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन, निर्धारित किया गया है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए शत प्रतिशत किसानों का ई–केवायसी कराएं पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आगामी कृषि फसल वर्ष को देखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कृषि से संबंधित सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग को सभी किसानों को कृषि आदान समयानुसार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिले में खाद वितरण को तीव्र करने तथा सभी किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत रजिस्टर करते हुए सभी का ई केवायसी पूर्ण कराते हुए उन्हें योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी समितियों के द्वारा किसानों को कृषि आदानों को नियमानुसार वितरण करने को कहा एवं किसी भी समिति में अनियमितता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी केंद्रों में आदानों की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने तथा इस संबंध में सभी गांवों में बीज उपलब्धता के सम्बंध में मुनादी द्वारा ग्रामीणों एवं किसानों को जानकारी देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने नकली बीज के प्रति सतर्कता बरतते हुए सभी की जांच करने को कहा। सभी किसानों को केसीसी योजना से लाभान्वित करने के लिए आधार सीडिंग का कार्य भी समय पर पूर्ण कराने को कहा।

इसके अलावा उन्होंने वनाधिकार पट्टाधारक किसानों की आय में वृद्धि क लिऐ उन्हें लीची एवं आम जैसे फलदार वृक्षों को रोपण हेतु प्रोत्साहित करने एवं इंटरक्रॉपिंग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पशु टीकाकरण की स्थिति का जायजा लेते हुए शत प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही सभी पशुपालकों का किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिलाने तथा पशुपालकों को दवाइयों का वितरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, रेशम विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी उपस्थित रहे।



### रिक्त पदों के लिए प्रस्ताव भेंजे

कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारियों के रिक्त पदों के लिए प्रस्ताव भेजने तथा किसानों एवं अन्य इच्छुक हितग्राहियों को रोपण के लिए पौधा वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों को किसानों की आय वृद्धि के लिए उन्हें उन्नत कृषि, काली मिर्च की कृषि, मल्चिंग आदि के संबंध में जानकारी देने के लिए निर्देश दिए। रेशम विभाग को धागा उत्पादन में वृद्धि करने तथा युवाओं को धागाकरण एवं रेशम उत्पादन का प्रशिक्षण देने के लिए निर्देश दिए।

## जलभराव से निपटने के लिए करें आवश्यक तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गुरुवार को नगरीय निकायों में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान कहा कि आगामी मानसून में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए नालियों की सफाई का कार्य भली भांति कर लें। जहां जलभराव की स्थिति निर्मित होती है, उनका चिन्हांकन करते हुए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जलजमाव के कारण उत्पन्न होने वाली कीचड़ के समाधान के लिए भी सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित रहे। उन्होंने पानी की सभी टंकियों की सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही सभी जलस्त्रेत और पानी टंकियों के क्लोरीनेशन का कार्य भी अविलंब पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान ई–श्रम कार्डधारी सभी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने तथा पेंशन के पात्र हितग्राहियों को पेंशन की स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही किराए के भवनों में संचालित स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए भवनों के निर्माण के लिए स्थल का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही संग्रहित कचरा के उचित निस्तारण के लिए कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्थानों में अभी कचरा फेंका जा रहा है, उनकी सफाई करते हुए सौन्दर्यीकरण का कार्य करें। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले के नगरीय निकायों को बेहतर रेटिंग उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक मापदंड अनुसार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शहर के सौन्दर्यीकरण के साथ ही सड़कों की रोशनी के लिए भी आवश्यक प्रस्ताव एक भीतर के सप्ताह प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने इस दौरान अधोसंरचना निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कोंडागांव राम मंदिर तालाब के निकट नाली निर्माण के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंगल भवन सहित पूर्ण हो चुके सभी कार्यों का आधिपत्य भी तत्काल लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए कार्यों की स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ करें। जिन कार्यों में निविदा की प्रक्रिया चल रही है, उन्हें तत्काल पूरा करते हुए कार्यादेश जारी करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के कार्य में तेजी लाने के साथ ही सभी आवासों का निर्माण दो माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों का चयन करते हुए सभी हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को भी सभी योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर कोंडागांव नगर पालिका, केशकाल और फरसगांव नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## माकड़ी विकासखण्ड में चला ग्रीन विलेज कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अविनाश भोई सर के मार्गदर्शन में माकड़ी के सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के तहत क्लीन ग्रीन विलेज सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विकासखण्ड में स्वच्छ और हरा–भरा वातावरण बनाने के लिए क्लीन ग्रीन विलेज कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गाँवों को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए लोगों को जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता अभियानों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के तहत, गाँवों में सफाई अभियान चलाए जाएंगे, कूडा–करकट निपटान के लिए उचित व्यवस्था के लिए काम किया गया। पौधारोपण अभियान चलाए गए। लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए कार्यशालाएं और जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इससे

स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण, कम बीमारियां, बेहतर जीवन स्तर, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन जन प्रतिनिधि , सरपंच, और अन्यगणमान्य व्यक्तियों ने किया। गांव के लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए।

## बीसी सखियों को दिया प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वृद्ध और दिव्यांगों को पेंशन की राशि के घर–पहुंच भुगतान के लिए बीसी सखियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत के सभागार में आयोजित एक दिवसीय बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा की गई। आवागमन में असुविधा का सामना कर रहे वृद्ध और दिव्यांगों को आजीविका मिशन की बीसी सखियों के माध्यम से घर में ही बैंकिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। ग्रामीण स्तर पर सुगम बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए 86 बीसी सखियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो जिले के 383 ग्राम पंचायतों में बैंकिंग लेन–देन संबंधी सेवाएं प्रदान करेंगीं।

**आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखण्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक**

## सेहत, पोषण, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में करें उत्कृष्ट कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतकों को प्राप्त करने सुधार करें

आकांक्षी जिला तथा आकांक्षी विकासखण्ड के तहत प्राप्त लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टोरेट के भू–तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आकांक्षी जिला तथा आकांक्षी विकासखण्ड के तहत नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतकों को प्राप्त करने हेतु कलेक्टर ने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गर्भवती महिलाओ के प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व पंजीयन के साथ ही पूरक पोषण आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हाईपरटेंशन, मधुमेह एवं क्षयरोग के शत प्रतिशत स्क्रीनिंग के लिए जिला के प्रत्येक हेल्थ और वेलनेस सेंटर में ग्रामवार शिविर चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागो के इंडिकेटर्स की प्रगति की भी समीक्षा की, जिसमे पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, प्रधानमंत्री आवास आदि शामिल हैं। बैठक में जिला पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के साथ ही विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, डीपीएम पीएमयू और आकांक्षी विकासखण्ड फेलो उपस्थित थे।



### 6 इंडिकेटर्स का तीन माह में क्रियान्वयन का लक्ष्य

कलेक्टर ने बताया कि आज नीति आयोग के वीडियो कांफ्रेंस से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में 6 इंडिकेटर्स को आगामी 3 माह में शत प्रतिशत क्रियान्वयन का लक्ष्य रखा गया है। इन 6 इंडिकेटर्स में प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीयन, हाईपरटेंशन, डायबिटीज का स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओ को पूरक पोषण आहार वितरण, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड, और स्वसहायता समूहों को शत प्रतिशत चक्रीय निधि का भुगतान शामिल है।

**पेज 11 के शेष**

### सूने घर से सोने के...

केशलूर विश्व दीपक त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी परपा दिलबाग सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने आस पडोस से पूछताछ एवं घटना दिनांक को प्रार्थिया के घर मिलने आने वाले लोगों की जानकारी ली तब पता लगा कि आरोपी प्रेम मरकाम 41 वर्ष निवासी बमनी माता मंदिरपारा थाना नगरनार प्रार्थिया के घर आना जाना करता था। घटना दिनांक को भी प्रेम मरकाम प्रार्थिया के घर आया था। संदेह के आधार पर प्रेम मरकाम से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि वो प्रार्थिया के घर आना जाना करता था और उसे पता था कि जेवर और पैसा कहां पर रखती है। उसकी नियत खराब हो गई और उसने प्रार्थिया के घर पर नहीं होने व सूनेपन का फायदा उठाकर कीमती सामान और नकदी रकम को चोरी कर ले गया।

**आरोपी के कब्जे से जेवरात व नकद बरामद**– आरोपी प्रेम मरकाम ने प्रार्थिया के घर के आलमारी में रखा सोने का पत्ती माला लगभग 13 ग्राम, एक जोड़ी सोने का झुमका लगभग 06 ग्राम व नकद 20 हजार रूपए कुल 1 लाख 20 हजार रूपए की संपति चोरी किया था। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने का पत्ती माला, सोने का झुमका व 6 हजार रूपए नगद समेत कुल 1 लाख 6 हजार का जेवरात व नगद बरामद किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।

**कार्रवाई में इनकी रही भूमिका**– कार्रवाई में निरीक्षक दिलबाग सिंह के अलावा एएसआई अजीत सिंह, प्रधान आरक्षक सुधीर मिश्रा, जोगीलाल बुड़ेक, आरक्षक रविन्द्र ठाकुर, गोबरूराम कश्यप व महिला आरक्षक राजकुमारी भगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बाढ़ आपदा से बचाव के...

किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अण्डरवाटर कैमरा, लाईफ जैकेट, लाइफ ब्याय आस्का लाइट, पेलिकेन लाइट, सर्च लाइट व विभिन्न प्रकार के चैन-सा का प्रयोग कर बाढ़-बचाव कार्य का लाइव डेमो का आयोजन किया गया था।

### रक्तदान शिविर महारानी...

रक्तदान महा अभियान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। महारानी अस्पताल ने रक्तदान हेतु संकल्प पत्र जारी किया है। इसके क्यूआर कोड को स्कैन कर संकल्प पत्र भरें, ताकि स्थानीय स्तर पर ब्लड डोनेशन से जुड़ी टीम आप से संपर्क कर सके। इससे जुड़कर आप भी किसी को जीवनदान देने का संकल्प कर सकते है। काफी संख्या में जनसामान्य ने रक्तदान का संकल्प लिया है।

## खबर संक्षेप

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**दंतेवाड़ा।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने के लिए जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है। इस दौरान जिले के समस्त नदी-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के बड़े या छोटे तालाब, जलाशय में सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार रोजगार कार्यालय द्वारा जिला ग्रंथालय दंतेवाड़ा में कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन गत दिवस किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रायपुर के विभागाध्यक्ष प्रिया शर्मा द्वारा होटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में कैरियर एवं रोजगार तथा शैक्षणिक सत्र 2024-25 प्रवेश सम्बंधित जानकारी दी गयी। उक्त कार्यशाला में आईएचएम रायपुर से डिप्लोमा कोर्स पूर्ण कर होटल बेबीलान इंटरनेशनल में इंटर्नशिप कर रही दंतेवाड़ा जिले की सालनार निवासी रुचिता कड़ती और रुकमाली तरमा ने अपने अनुभव साझा किये। इसके लिए जिले के इच्छुक छात्र 21 जून को लाइवलीहुड कॉलेज में अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर फॉर्म जमा कर सकते है।

### छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य बने संजय

**गीदम।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) में सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई। जिसमें दंतेवाड़ा जिले के गीदम



विकासखंड के हाई स्कूल समलूर के प्रभारी प्राचार्य संजय ठाकुर को भी शामिल किया गया है। मान्यता प्राप्त संस्थाओं को प्राचार्यों, प्राध्यापकों और निजी संस्थाओं के सदस्यों के साथ ही पांच विधायकों को शामिल किया गया है। शीघ्र ही इन मंडल सदस्यों की अलग-अलग कमेटियों का गठन किया जाएगा। सदस्यों की नियुक्ति अवधि 3 वर्ष है। नई सरकार के गठन के साथ ही पूर्व मंडल सदस्यों की नियुक्ति स्वमेव समाप्त हो गई थी। बिना सदस्यों के माशिमं के कई निर्णय अटक रहे थे। माशिमं के सदस्यों में मान्यता प्राप्त संस्थाओं से 6 प्राध्यापकों की भी नियुक्ति की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के गीदम विकासखंड के हाई स्कूल समलूर के प्रभारी प्राचार्य संजय ठाकुर को भी शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर उन्हें जिले के शिक्षक संवर्ग व शिक्षा विभाग की ओर से बधाई दी गई है।

### स्वच्छता समूह के सदस्यों को सुरक्षा पर प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा में किया गया। जिसमें स्वच्छता ग्राही समूह का संलग्नीकरण कर घर-घर कचरा संग्रहण कर सुखा व गीला कचरा को अलग-अलग रखने व परिवहन एवं सेग्रीगेशन शेड में रख-रखाव, कचरे का पृथक्कीकरण व उचित निपटान का रजिस्टर में रिकॉर्ड का संधारण एवं महिला स्व सहायता समूह के दीदियों को स्वच्छता माहवारी, साथ ही स्वच्छता ग्राही सफाई कर्मचारियों के सुरक्षा एवं गरिमा के विषय पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, प्रत्येक ग्राम पंचायत से समूह की 2 सक्रिय महिला, स्वच्छता ग्राही की भागीदारी रही।

---

### समय-सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा

# नियमों का सरलीकरण कर किसानों को दें लाभ : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के नियमों का सरलीकरण कर अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिया जाए। लैम्पस में प्रत्येक दिन किसानों का पंजीयन, पर्ची काटने और

- किसानों का पंजीयन, पर्ची काटने और खाद-बीज वितरण सुनिश्चित करें

खाद-बीज वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ खरीफ वर्ष के लिए किसानों द्वारा खाद-बीज की मांग जिले के जिन क्षेत्रों से अधिक आ रही है उन स्थानों में भंडारण सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर उक्त निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के गत दिनों किसानों के खातों में हुए राशि हस्तांतरण की जानकारी किसानों से लेने के निर्देश दिए। किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन के कार्य को गति देने भी कहा। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा किए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आरआरसी से संबंधित प्रकरणों का एसडीएम कार्यालय को प्रेषित प्रकरणों को जल्द निराकरण करें। उन्होंने कहा मनरेगा के तहत कृषि एवं संबद्ध विभागों, वन विभाग, एनआरएलएम को जोड़ कर काम दिया जाए। मनरेगा में अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार देने पर जोर देते हुए मनरेगा कार्ड के शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर की भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान फेस-2 अप्रारंभ कार्य को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव में तालाब खोदने या गहरीकरण का कार्य होना चाहिए।

कलेक्टर ने बस्तर, बकावण्ड क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 15, 16 एवं 17 जून को शिविर आयोजन के निर्देश दिए। शिविर में आयुष्मान कार्ड निर्माण, मनरेगा कार्ड का शुद्धिकरण, वन अधिकार पट्टाधारक मृत्तक हितग्राहियों की जानकारी अद्यतन करने, राशन कार्ड निर्माण, राशन कार्ड में सदस्यों का नाम जोड़ने-हटाने जैसे कार्य किया जाएगा। बैठक में योजनाओं की समीक्षा के दौरान विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के राशि का सदुपयोग कर यूसी-सीसी जारी करने के निर्देश दिए। सीएसआर योजनांतर्गत के कार्यों, जिला खनिज न्यास संस्थान मद के कार्यों, पीएम आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग से आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का सिकल-सेल जांच करवाने और तीनों अर्बन पीएससी में भी ऑब्जरवेशन कार्ड को लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ज्यादा बचे हितग्राहियों को जगहों पर विशेष फोकस कर कार्य करने के निर्देश दिए। जल-जीवन मिशन अन्तर्गत विकासखण्डवार कार्य पूर्णता की स्थिति का जल प्रदाय हेतु सोलर, विद्युत आधारित कनेक्शन की भी समीक्षा की गई। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डिस्मेंटल योग्य शालाओं का चिन्हांकन कर नियमानुसार कार्यवाही करने पर चर्चा किए। इसके अलावा समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा किया गया। वित्त विभाग के निर्देशानुसार आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को ऑनलाइन माध्यम से देयकों का प्रस्तुतिकरण हेतु नवीन वित्त निर्देश का परिपालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बंद योजनाओं की बैंक खातों की जानकारी देने के निर्देश दिए। इसके अलावा आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों पर आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण कर उनके सभी स्वत्वों का भुगतान करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 जून को विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उसमें अधिक से अधिक लोगों द्वारा रक्तदान करने की अपील की गई। साथ ही मलेरिया मुक्त बस्तर के अभियान की भी जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने बड़े-बड़े दुकानों में आगजनी से बचाव संबंधी जानकारी देने नगर निगम व नगर सेना अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय पर सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, वनमंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, आईएफएस वेंकटेश सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला स्व सहायता समूहों व रसोइयों की हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम




कलेक्टर जिला बीजापुर के निर्देशन में तथा जिला शिक्षा शिक्षा अधिकारी जिला के मार्गदर्शन में विकासखंड भोपालपटनम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भोपालपटनम के प्रांगण में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत मध्याह्न भोजन कार्यक्रम अंतर्गत आज समस्त महिला स्व सहायता समूहों एवं रसोईयों का कार्यशाला आयोजित किया गया।

उक्त कार्यशाला में किचन की साफ-सफाई, रसोइया को साफ सुथरा रहने, गुणवत्ता युक्त भोजन खिलाने, जिला से निर्धारित मीनू के अनुरूप भोजन खिलाने, समूह को शाला में सहयोग करने, किचन गार्डन का निर्माण करने, के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिला प्रशासन के द्वारा चलाए जा रहे स्कूल वेंडे वर्राट पण्डुम, के सम्बंध में समूह के सदस्यों तथा रसोईयों के द्वारा अभियान में सहयोग करने विनती किए जाने पर सभी ने सहयोग करने संकल्प लिया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण लाल कुड़ेम ने गुणवत्ता युक्त मध्यान्ह भोजन खिलाने कहा। उन्होंने समूह की समस्या तथा रसोईयों की समस्या को जाना और तत्काल समस्या का समाधान किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण लाल कुड़ेम प्रभार लेने के बाद से ही शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, शालाओं की स्थिति में सुधार करने तथा पूरे विकासखंड में शैक्षणिक माहौल तैयार करने की दिशा में शैक्षणिक सत्र की शुरूआत से ही प्रयासरत हैं। इस कार्यशाला के अंत में कलेक्टर के अभिभावकों के नाम संदेश को पढ़कर सुनाया गया।

इस अवसर पर यालम अनुबाई जनपद सदस्य, अनीता यालम सरपंच बारेगुड़ा, श्रीनिवास एटला एपीसी बीजापुर, यालम शंकर बीआरसी, अंगद राव चिंतुर सीएसी, अरब खान सीएसी, शेख मकबूल सीएसी, हरीश उप्पल सीएसी, समस्त प्रधान अध्यापक, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य एवं रसोइया उपस्थित रहे।

## हितग्राही के परिजनों को मिली बीमा राशि...




**जगदलपुर।** समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के दो हितग्राही की असमय मृत्यु होने की स्थिति में उनके परिजनों को बीमा की राशि दो-दो लाखरुपए का चेक प्रदान किया। उन्होंने परिजनों को उक्त राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई में करने की समझाईश दी। परिजन ने बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाने की बात कही, तो कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, डीएफओ उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्ट्रेट परिवार ने उपायुक्त डॉ. सिंह के स्थानांतरण पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टोरेट कार्यालय के तृतीय तल सभा कक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में गत दिवस आयोजित समय सीमा की बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों को विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। समीक्षा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार, शत-प्रतिशत आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं केवाईसी, वृक्षारोपण की तैयारियां इत्यादि विषय शामिल थे। इसके पूर्व सभा कक्ष में आदिवासी विकास विभाग उपायुक्त डॉ. आनंद सिंह के स्थानांतरण के अवसर पर जिला प्रशासन परिवार ने भावभीनी विदाई दी। ज्ञात हो कि डॉ. सिंह का स्थानांतरण बीजापुर हो गया है। इस मौके पर डॉ. सिंह के कार्यकाल का स्मरण करते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि दंतेवाड़ा क्षेत्र बहुत संवेदनशील क्षेत्र है और इस क्षेत्र में जनजातीय अधिकारों की सुरक्षा एक अहम जिम्मेदारी होती है। अपने पूरे कार्यकाल में डॉ. सिंह ने अपना कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया हैं। मैं उनके आने वाली उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इसके अलावा अन्य अधिकारियों ने भी डॉ. सिंह के साथ किये कार्यों का अनुभव साझा किया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. आनंद सिंह ने दंतेवाड़ा जिले में किये गए कार्यों को सबके बीच साझा करते हुए कहा इस जिले में मुझे बहुत कुछ कार्यों के द्वारा सीखने का मौका भी मिला है। नये जिले में यहां का अनुभव कारगर रहेगा। इसके साथ ही नये उपायुक्त केएस. मसराम का भी स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर एवं एसपी ने सुदूर क्षेत्र तर्रेम का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बीजापुर जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत तर्रेम सहित

- विकास कार्यों में प्रगति लाने एवं आधार शिविर पहुंचकर आधार कार्ड की उपयोगिता के बारे में ग्रामीणों को दी समझाईश

उनके अन्तर्गत सुदूर गांवों का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों एवं सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना भी मौजूद थे। कलेक्टर एवं एसपी ने सिलगेर में निर्माणधीन पुल जो कि पूर्णता स्तर पर है, उसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलिस थाना तर्रेम हेतु निर्माणधीन भवन का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत तर्रेम में आयोजित आधार शिविर पहुंचकर कलेक्टर ने ग्रामीणों को आधार कार्ड की उपयोगिता को समझाया। शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में उपस्थित सचिव, पटवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जमीनी स्तर पर महतारी वंदन योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक अन्य सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देकर योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। बीते दिनों समीप के गांव में बिजली गिरने से हुई पशुओं की क्षति का प्रकरण जल्द तैयार करने के निर्देश मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। राजस्व अधिकारियों द्वारा मुआवजा हेतु दस्तावेज प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि क्षतिपूर्ति की राशि प्रत्येक जानवर के लिए अलग-अलग निर्धारित है। बैल के लिए 32 हजार रुपए, गाय एवं भैंस के लिए 37500 रुपए, बकरी के लिए 4 हजार एवं बछड़ा के लिए 20 हजार रुपए शासन द्वारा निर्धारित की गई है। क्षतिपूर्ति की राशि प्राप्त होने पर पीड़ित ग्रामीण को पशुधन खरीदकर पशुपालन करने के लिए प्रेरित किया।

## नव निर्वाचित सांसद महेश से शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधियों ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव देशनाथ पांडे के नेतृत्व में गुरुवार को नव निर्वाचित सांसद महेश से उनके गृहग्राम कलचा में जाकर भेंट की।

इस दौरान उनसे बातचीत में पुरानी पेंशन 1998-99 के शिक्षक एलबी संवर्ग को पेंशन अधिनियम 1976 के तहत आज पर्यंत तक पेंशन नहीं दिया जा रहा कि जानकारी से अवगत कराया और मुख्यमंत्री से मिलवाने की बात कही। जिस पर उन्होंने अतिशीघ्र मिलवाने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मण्डल में कुलधर गोयल संभागीय अध्यक्ष बस्तर संभाग, यादवेंद्र सिंह कुशवाहा



सुकमा जिला अध्यक्ष, रामजी मामडीकर, सुरेश यादव समेत अन्य शामिल थे।

## खेल दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न खेलों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर

- महिला बाल विकास विभाग, यूनिसेफ व विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी का संयुक्त आयोजन

पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर बस्तर के निर्देशन में व यूनिसेफ और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में परवरिश के चैंपियन वर्णमाला बुक के माध्यम से ख से खेल शब्द पर आज पालक सत्र अयोजित किया गया। जिसमें पालकों व बच्चों के साथ ग्राम स्तरीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसी के तहत जिला बस्तर के ब्लॉक जगदलपुर ग्राम जामावड़ा में विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के जिला समन्वयक योगेंद्र जैन की उपस्थिति में पालक सत्र के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के खेल जैसे दौड़, रस्सा खींच, बाल्टी में गेंद फेंकना, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आदि खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों के समग्र विकास में खेलों की भूमिका पर चर्चा के दौरान पालकों ने कहा कि अब हम प्रतिदिन बच्चों के साथ खेलेंगे, जिससे उनके समग्र विकास में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक पदमा दास, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, बच्चों के पालकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### शिविर का लाभ लेने बड़ी संख्या में पहुंच रहे नगरवासी

# एक्यूप्रेशर, वाईब्रेशन एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के तत्वावधान में एवं पद्मनाभ नाईक मुख्य महाप्रबंधक बीआईओएम किरंदुल काम्प्लेक्स के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में बीआईओपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सभागार में बुधवार संध्या 6 बजे भारत माता के छाया चित्र में माल्यार्पण कर तथा मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन के सचिव एके सिंह के स्वागत उद्बोधन, अध्यक्ष विनोद कश्यप की अध्यक्षता में जयपुर राजस्थान के विशेषज्ञ डॉ. चौधरी एवं डॉ. जाधव के द्वारा बिना दवाई के एक्यूप्रेशर, वाईब्रेशन एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में सभी प्रकार की बीमारियों का सफल उपचार किया जाएगा। शिविर में 12 जनू से 19 जून तक सुबह 8 से 12 बजे तथा शाम 4 से रात्रि 8 बजे तक लोगों का उपचार किया जाएगा।

शुभारंभ समारोह को परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मनाभ नाईक, बीके माधव उप महाप्रबंधक कार्मिक, परियोजना अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमव्ही लाल, संयुक्त खदान मजदूर संघ किरंदुल के सचिव राजेश संधू, आर्सेलर मित्तल निप्पान स्टील इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक वायव्ही. राघवुलु, सेंट्रल कमेटी एमएमडब्ल्यूयू एवं बचेली इंटक यूनियन के पदाधिकारी चंद्रा



मंडावी, राजस्थान के डॉ. चौधरी आदि ने संबोधित करते हुए इंटक यूनियन किरंदुल के इस नेक, जनहित, परोपकारी उद्देश्यों के लिए आयोजित शिविर की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में राजस्थान से आए चिकित्सक डॉ. वीआर चौधरी और डीआर जाखड़ को गांधी टोपी, इंटक गमछा, शॉल एवं उत्कृष्ट सेवा सम्मान मोमेंटो देकर इंटक यूनियन की ओर से सम्मानित किया गया।

इस शिविर में इंटक यूनियन ने एनएमडीसी प्रबंधन के साथ-साथ श्रमिक संगठन, सामाजिक संगठन, सांस्कृतिक संगठन, धार्मिक संस्थाएं, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रेस मिडिया संगठन, ठेकेदार संघ के साथ-साथ नगर परिवार में सेवा देने वाले सेवाभावी संस्थाओं के पदाधिकारी को आमंत्रित किया था। प्रायः इन सभी संगठनों, संस्थाओं, समिति के अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुशोभित किया। इस अवसर पर सिविल विभागाध्यक्ष रामनाथ, प्रभारी प्राचार्य विश्वास, आर्सेलर मित्तल निप्पान स्टील इंडिया लिमिटेड के अधिकारी तेज प्रकाश, एसकेएमएस यूनियन के अध्यक्ष देवरालू, रोशन मिश्रा, सचिव नामदेव, बीएल. तारम, अमरिक सिंह, सुरेंदर नायर, राजेंद्र सक्सेना, डीआर. यादव , सैय्यद जफर अली, मीना मंडावी, पीएल. साहू, डागेंद्र वर्मा, मिलाप चंद जैन, प्रकाश चंद जैन, त्रिलोक बांधे एवं ओम कुमार साहू मौजूद रहे। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल करने में इंटक यूनियन के जुझारू कर्मठ पदाधिकारियों, सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### दिव्यांग एवं वृद्धजनों के लिए जयपुर फूट कैंप आज


**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में 14 जून से प्रारंभ होने वाले जयपुर फूट शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी के द्वारा आज किया जायेगा। उक्त शिविर के आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। ज्ञात हो कि जिले में 14 से 16 जून तक दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए जयपुर फूट कैम्प का आयोजन इंडोर स्टेडियम दंतेवाड़ा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को निशुल्क विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग जैसे कृत्रिम हाथ, पैर, कैलिपर्स, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, सामान्य ट्रायसायकल, वॉकर, बैसाखी तथा छड़ी प्रदाय किये जायेगें। साथ ही अन्य विशेषज्ञों द्वारा उनकी जांच भी की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### भगवान बालाजी का अभिषेक 17 को

**जगदलपुर।** बालाजी मंदिर में 17 जून को सुबह 10 बजे शुक्ल पक्ष की एकादशी पर बालाजी भगवान का मक्खन से अभिषेक किया जाएगा। मंदिर कमेटी ने कहा कि जो भक्तगण भगवान के चरणों में मक्खन समर्पित कर अपने नाम, गोत्र से पूजा करवाना चाहते हैं एवं पूजा में सम्मिलित होना चाहते हैं एक दिन पूर्व मंदिर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। पूजा के पश्चात भोग प्रसाद वितरण की जाएगी।

### जूडो में खिलाड़ियों का चयन



**जगदलपुर।** राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में 16 जून को छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ की बैठक होगी। कोच अब्दुल मोईन के नेतृत्व में बस्तर के जूडो खिलाड़ी भाग लेंगे। बालिका वर्ग में अनवी जैन, सुरभि यादव, शानिका मिश्रा, गीताक्षि श्रीवास, श्रुति शर्मा, पुष्पांजलि नाग, बालक वर्ग में एलेक्स कुमार, प्रशांत शार्दूल, वेदांत श्रीवास, प्रथम सिंह ठाकुर, कोकब जमाल, टिकेश्वर साहू, मुसेफ गाजी, यशवंत पाण्डे, राघव बत्रा, कृष्णा कुमार, जतिन यादव, गोपाल शार्दूल शामिल हैं।

### आयुष्मान कार्ड अभियान कल से

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार विकासखण्ड बस्तर, बकावण्ड एवं जगदलपुर नगर निगम के समस्त वार्डों में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु तीन दिवसीय महा अभियान का आयोजन 15,16 एवं 17 जून को किया जा रहा है। महा अभियान के दौरान विकासखण्ड बस्तर एवं बकावण्ड के ग्राम पंचायतों तथा नगर निगम जगदलपुर के समस्त वार्डों में शिविर लगाकर छुटे हुए समस्त हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 50 हजार रुपए तथा बीपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। आमजन से अपील की जाती है कि महा अभियान के दौरान अपने और अपने परिवार के समस्त सदस्यों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनाएं। योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिन से सम्पर्क करें।

### आयुर्वेद महाविद्यालय के मांग पर सीएम की मिली अनुमति

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आयुर्वेद महाविद्यालय प्रारम्भ करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को नगरनार भाजपा मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास ने पिछले प्रवास में भेंट कर ज्ञापन सौंपा था। मुख्यमंत्री ने पहल करते उन्हें पत्र प्रेषित किया है। छग में वर्तमान मे 2 शासकीय एवं 4 निजी आयुर्वेद महाविद्यालय संचालित है। जिसके लिए 430 बीएएमएस की सीट प्रवेश के लिए उपलब्ध होना कहा है। नवीन आयुर्वेद महाविद्यालय प्रारम्भ करने आयुर्वेद चिकित्सालय 2 वर्ष पूर्व से संचालित होना चाहिए। जगदलपुर मे राज्य विभाजन के पूर्व से ही चिकित्सालय संचालित है। जगदलपुर जिले में महाविद्यालय प्रारम्भ किये जाने संभावित आवर्ती व्यय राशि रूपये 825 लाख एवं अनावर्ती व्यय राशि 7010 लाख कुल 7835 लाख है। एसीआईएसएम के नॉर्म्स अनुरूप विस्तृत प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जावेगा। संचालक आयुर्वेद योग एवं चिकित्सा युनानी ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग को लिखा है।

# कार्यादेश के 6 माह बाद भी शुरू नहीं हो सका आरओबी का निर्माण कार्य

## केशलूर के रेलवे क्रॉसिंग से दुर्घटना की संभावना बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मानसून होते ही फिर से तीन महीने तक नहीं हो सकेगा कार्य

बस्तर संभाग के सुकमा रोड में केशलूर रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से आरओबी का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने ठेकेदार को 6 माह पूर्व कार्यादेश दिया पर अब तक आरओबी का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।



### ठेकेदार को दिए निर्देश

लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ जीएस शोरी ने बताया कि संबंधित ठेकेदार को आरओबी का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू करने का निर्देश दिया गया है। हालाकि आरओबी की जमीन की मार्किंग किया जा चुका है।

मानसून आते ही फिर से निर्माण कार्य नहीं होगा और प्रभावित किसान रिक्त जमीन देखकर आरओबी की जमीन पर फसल होने की संभावना हो रही है, ऐसे में वर्ष 2025 में निर्माण कार्य शुरू होने अंदेशा है। विदित हो कि केशलूर के पास रेलवे क्रॉसिंग और इसके आसपास आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से केशलूर के रेलवे क्रॉसिंग में 5 हैक्टेयर क्षेत्र में 1900 मीटर लंबा आरओबी और सड़क का निर्माण किया जाएगा, इसकी लागत लगभग 100 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

## रोजगार सुलभ कराने कटिबद्ध है सरकार : महेश

# 49 को मिली अनुकम्पा, 57 को नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध हैं। इस दिशा में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पूर्व के 10 प्रतिशत पदों पर

- तत्परता से अनुकम्पा नियुक्ति और रोजगार का अवसर सरकार की सराहनीय कदम : देव





नियुक्ति के प्रावधान को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है और दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को पात्रतानुसार अनुकम्पा नियुक्ति दी जा रही है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप राज्य सरकार कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार सुलभ करवा रही है। यह बात सांसद महेश कश्यप ने कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदाय सहित रोजगार मेला में चयनित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र प्रदाय कार्यक्रम के अवसर पर कही। इस मौके पर 49 अभ्यर्थियों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र तथा रोजगार मेला में चयनित 57 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। विधायक किरण देव ने अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों तथा रोजगार के लिए नियुक्त युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि लम्बित अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को तत्परता के साथ निराकृत कर दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को नियुक्ति प्रदान करना राज्य सरकार की संवेदनशील प्रयास है। वहीं युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर उन्हें उनके हुनर के अनुरूप रोजगार मुहैया कराना युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए सराहनीय कदम है। उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति के तहत नियुक्त शासकीय सेवकों को लगन एवं निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन करने की समझाईश दी। वहीं निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को रोजगार के अवसरों का बेहतर लाभ लेकर अनवरत आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बताया कि जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित 58 प्रकरणों में पात्र पाए गए 44 प्रकरणों में अनुकम्पा नियुक्ति के तहत विभिन्न विभागों में 17 पटवारी, 14 सहायक ग्रेड-3 तथा 13 भृत्य पदों पर नियुक्ति दी गई है। वहीं नगर पालिक निगम में 2 सहायक राजस्व निरीक्षक एवं 3 भृत्य पद पर नियुक्त किये गए हैं। तथा नगर पालिक निगम जगदलपुर के 5 अभ्यर्थियों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है। साथ ही जिले में कौशल विकास प्राधिकरण के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु आयोजित रोजगार मेला में चयनित 57 युवाओं को निजी क्षेत्र के विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा जा रहा है। जिसमें 52 का चयन सिक्योरिटी गार्ड और 5 का चयन मोटर मैकेनिक के रूप में हुआ है। आने वाले दिनों में 80 युवाओं को रोजगार हेतु पुनः नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर सफीरा साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### तीन महीने में मिली अनुकंपा नियुक्ति

कलेक्टोरेट में गुरुवार को महिला एवं बाल विभाग में भृत्य पद पर अनुकम्पा नियुक्ति पाने वाले जितेन्द्र यादव ने अपने पिता स्व. बुधराम यादव की मृत्यु के तीन महीने के भीतर ही अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने के लिए राज्य सरकार के संवेदनशील पहल के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए बताया कि अब वह घर-परिवार के भरण-पोषण के लिए निश्चिंत हो गया है। साथ ही अब बच्चों की परवरिश और पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे सकूंगा। इसी तरह नगर पालिक निगम जगदलपुर में भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति पाने वाले सोनू नाग ने भी सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब परिवार के जीवन-यापन के लिए सहुलियत होगी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षक ले रहे प्रशिक्षण

## तोकापाल ब्लाक के 3 जोन में दी जा रही ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समग्र शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिये और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विकासखंड तोकापाल में कक्षा 1 से 3 तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों का ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण तोकापाल में 3 जोन तोकापाल, बड़े मोरठपाल तथा पोटनर में संचालित किया जा रहा है। शिक्षकों को प्रशिक्षण जिला स्रोत समूह के द्वारा दिया जा रहा है। जिसमें एलएलएफ के ब्लॉक अकादमी समन्वकों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। प्रशिक्षण का फील्ड पर संचालन, मार्गदर्शन एवं सतत मॉनिटरिंग बीईओ तोकापाल पूनम सलाम व बीआरसी अजय शर्मा प्रतिदिन प्रत्येक जोन में विजिट कर रहे हैं। साथ ही राज्य स्तर पर राज्य स्रोत समूह द्वारा प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग की जा रही है जिसके लिए तोकापाल विकासखंड के प्रभारी दुर्गेश्वरी पटेल मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशिक्षण दो समय अवधि में प्रथम 10 से 15 जून तथा द्वितीय 24 से 29 जून , कुल 5 बैच में संचालित किया जा रहा है। जिसे 30 जून से पहले संपन्न किया जाना है। इसके पूर्व कक्षा 1 से 5 तक के सभी शिक्षकों का बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के तहत 2 से 6 जून तक ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया है। तोकापाल में ललित नेताम, संगीता देवांगन, सनत नेताम व देवेंद्र दास मानिकपुरी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हायर सेकेंडरी स्कूल बड़े मोरठपाल में बैदू मौर्य, कलिंद्र ठाकुर, अवध पद्माकर तथा अभिजीत तायडे, हायर सेकेंडरी स्कूल पोटानर में देवनाथ कश्यप, भूपेंद्र जोशी, नूतन वर्मा तथा टार्जन साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



# 769 परीक्षार्थियों ने दी पीईटी व पीपीएचटी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा गुरूवार को प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक प्रथम

- परीक्षा में 1662 में से 893 अनुपस्थित रहे

पाली में पीईटी परीक्षा तथा अपरान्ह 2 बजे से सांयकाल 5.15 बजे तक द्वितीय पाली में पीपीएचटी परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 1662 में से 769 ने परीक्षा और 893 अनुपस्थित रहे। साथ ही पीपीएचटी में 1115 में से 510, पीईटी में 547 में से 259 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। हालांकि जिले में उक्त दोनों प्रवेश परीक्षा जगदलपुर स्थित 3 केन्द्रों पर दो पाली में हुई, जिसमें शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 3 एवं शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 शामिल रहे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर नीतिश वर्मा रहे।

# शाला प्रवेश उत्सव मनाने हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साड़गुड़ विकासखंड जगदलपुर में 18 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत आज हायर सेकेंडरी स्कूल साड़गुड़ में खंड शिक्षा अधिकारी मानसिंह भारद्वाज एवं खंड स्रोत समन्वयक गरुण मिश्रा के द्वारा बैठक ली गई। जिसमें विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई और शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में संकुल प्राचार्य भावना बस्तियां और संकुल समन्वयक अजीत कुमार नेगी साड़गुड़ और अलनार संकुल समन्वयक रमेश सोनी मौजूद थे। बैठक में हायर सेकेंडरी स्कूल साड़गुड़ के समस्त व्याख्याता नीरज दास, केदारनाथ शर्मा, बुद्धेश्वर ठाकुर, वीरेंद्र कुमार गायकवाड़, नीतू बारला, अंकित पाल, लक्ष्मी यादव, माया मिश्रा, ज्योति साहू और समस्त संकुल के समस्त प्रधान अध्यापक एवं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सांसद से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बस्तर के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप से उनके गृह ग्राम कलचा में भेंट कर कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान कैलाश चौहान, गजेंद्र श्रीवास्तव, आरडी तिवारी, अजय श्रीवास्तव, रज्जी वर्गिस, जेआर कोसरिया, देवदास कश्यप, राजेश गुप्ता, ताहिर शेख, सुनील भटनागर, मोतीलाल वर्मा, अनिल गुप्ता, संजय चौहान, मनोज महापात्र, नीरज दास, जीएल यादव, अतुल शुक्ला, सुभाष पांडे, संजय वैष्णव, उमेश मेश्राम, धर्मराज चौधरी, देवराज खूंटे, गणेश नायक, नीलम मिश्रा, पदमा नायडू, रेखा नाग, नीता पांडे, रिंकू पांडे उपस्थित रहे।

# आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए किया गया रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था संबंधित किसी भी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए बुधवार को मॉकड्रिल किया गया।



गौरव राय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में सुरक्षा संबंधित आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने लिए रिहर्सल किया गया। जिसमें डीआरजी, सीएएफ एवं थानों के बलों को कार्यवाही हेतु आवश्यक ब्रीफींग एवं निर्देश दिये गये। सरहदी थानों द्वारा एमसीपी की कार्यवाही कर सघन चेकिंग किया गया। कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक नसर सिद्दकी, उन्नति ठाकुर, कमलजीत पाटले, अंजू कुमारी, राहुल उयके, गोविन्द सिंह दीवान एवं थाना प्रभारी दंतेवाड़ा, गीदम, फरसपाल, कटेकल्याण, बारसूर, कुआंकोंडा शामिल हुए।

## जीरो ड्रॉप आउट ग्राम पंचायत बनाने बकावंड में सरपंच एवं पंचायत सचिवों की हुई बैठक

# बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर विजय दयाराम के. की मंशानुसार जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत को जीरो ड्रॉप आउट ग्राम पंचायत बनाने के उद्देश्य से बकावंड विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच और पंचायत सचिवों की बैठक का आयोजन बुधवार को अटल समरसता भवन बकावंड में किया गया। जिसमें पूरे विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों अंतर्गत स्कूलों में नामांकन सहित बच्चों की नियमित शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए संकल्प लिया गया।

उक्त बैठक में एजेंडा के मुख्य चार बिंदुओं स्कूल में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करना, बच्चों की सीखने के स्तर में समुदाय का सहयोग, मूलभूत संसाधन सुविधा तथा आवश्यकता एवं मरम्मत सहित शाला प्रबंधन समिति की भूमिका एवं जिम्मेदारी को अवगत कराने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सरपंच एवं पंचायत सचिवों से आग्रह किया कि समस्त पंचायत में मौजूद शासकीय स्कूल ग्राम पंचायत के ही हैं, उनकी बेहतर गुणवत्ता के लिए पंचायत को ही आगे आना होगा। साथ ही शिक्षा के महत्व को जानना-समझना होगा और इस आधार पर काम करना होगा। ग्राम पंचायत क्षेत्र का कोई भी बच्चा स्कूल से ड्रॉप आउट ना हो, उसकी पढ़ाई निरंतर जारी रहे, तभी जीरो ड्रॉप आउट विकासखण्ड का निर्माण कर सकते हैं। जीरो ड्रॉप आउट ब्लॉक ही जीरो ड्रॉप आउट बस्तर जिले के निर्माण में सहायक होगा। वहीं आगामी 18 जून से शुरू होने वाले शिक्षा सत्र में शत-प्रतिशत बच्चों की कक्षा में उपस्थिति को भी सुनिश्चित करने के लिए जोर देते हुए इस दिशा में युवाओं का सहयोग लेने कहा। बैठक में ग्राम स्तर पर सीख गतिविधियों का वातावरण निर्मित कर बच्चों के रुचि अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर बल दिया गया। बच्चों को ग्राम पंचायत में होने वाली रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करने, बच्चों के मध्य भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित करने कहा गया, जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास के साथ ही शारीरिक विकास को बढ़ावा मिल सके।

बैठक में चर्चा उपरांत सरपंच और पंचायत सचिवों द्वारा समूह विचार-विमर्श के माध्यम से शाला को बेहतर करने और उसका मूल्यांकन करने के बिंदु निकाले गए, जिसे समूह के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से सरपंच एवं पंचायत सचिवों द्वारा शाला के सर्वांगीण विकास के लिए विकासखंड स्तर पर प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डीएमसी समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्रा सहित बीईओ, बीआरसी, सभी संकुल समन्वयक तथा बकावंड विकासखंड के सरपंच और पंचायत सचिव और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

